कोटद्वार, बुधवार
14 अगस्त 2024
वर्ष: 46
अंक: 109 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
ज
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### राज्य सरकार के आदेश पर हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगाई

नैनीताल। हाईकोर्ट ने उत्तराखंड सरकार की ओर से पारित प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएम जीएसवाई) के ठेकेदारों को रॉयल्टी के अतिरिक्त, रॉयल्टी के समान 25 फीसदी धनराशि जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफ) में जमा करने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में हुई। उत्तराखंड सरकार ने इस योजना के तहत सड़क निर्माण का कार्य करने वाले ठेकेदारों को रॉयल्टी के अतिरिक्त रॉयल्टी के 25 प्रतिशत के समान धनराशि डीएमएफ में जमा करने का आदेश पारित किया था। सरकार के इस आदेश को मैसर्स सुपर कंस्ट्रक्शन एसोसिएट्स ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता केतन जोशी ने हाईकोर्ट के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण का कार्य करने वाले ठेकेदार किसी प्रकार का खनन गतिविधि (माइनिंग ऑपरेशंस) नहीं करते हैं। न ही ठेकेदारों के सरकार के साथ किए गए अनुबंधों में डीएमएफ में धनराशि जमा करने का कहीं उल्लेख किया गया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने डीएमएफ की अदायगी के लिए राज्य सरकार की ओर से जारी आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है।

### शटर बंद करते वक्त करंट लगने से पेंट कारोबारी की मौत

देहरादून। पेंट व्यवसायी की दुकान का शटर बंद करते वक्त मौत हो गई। उनके असामयिक निधन से शहर में शोक की लहर दौड़ गई है। मंगलवार को पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। रायपुर के सुंदरवाला निवासी सरबजीत सिंह उम्र 46 वर्ष प्रिंस चौक के पास पेंट की दुकान चलाते थे। सोमवार रात को दुकान बढ़ाकर वह घर जाने की तैयारी कर रहे थे। शटर को बंद करने के लिए नीचे खींचने लगे। इस दौरान अचानक बिजली के तार से शटर में करंट दौड़ा। करंट लगने से सरबजीत सिंह अचेत होकर शटर के पास गिरे। उन्हें उपचार के लिए कोरोनेशन अस्पताल भिजवाया गया। वहां डाक्टरों ने सरबजीत सिंह को मृत घोषित कर दिया। उनके निधन से न केवल उनके परिवार बल्कि, पूरे इलाके को गहरा धक्का लगा है। स्थानीय लोगों ने उन्हें मेहनती और मिलनसार व्यक्ति बताया है। कहा कि उनके असमय निधन से एक अच्छा इंसान खो गया है।

### ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत

देहरादून। नेहरू कॉलोनी क्षेत्र स्थित रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत हो गई। एसओ नेहरू कॉलोनी मोहन सिंह ने बताया कि हादसा सोमवार शाम हुआ। मृतक की शिनाख्त सुलेख चंद उम्र 71 वर्ष निवासी तरला अधोईवाला, रायपुर के रूप में हुई। मंगलवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### पेट्रोल फेंक दुकान में आग लगाई

रुड़की। हल्लू माजरा चौक पर स्थित दुकान के संचालक ने एक युवक पर दुकान में पेट्रोल छिड़क कर आग लगाये जाने का आरोप लगाया। इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मानकमजरा गांव निवासी शहजान उर्फ छोटा ने तहरीर देकर अवगत कराया की कुछ युवक बाइक पर सवार होकर उनकी दुकान पर पहुंचे और पेट्रोल छिड़कर आग लगा दी। आग लगी देख आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी दुकान स्वामी को देते हुए आग बुझाने जाने का प्रयास करने लगे। जिसमें कुछ देर बाद आग पर काबू पा लिया गया था। पीड़ित दुकान स्वामी ने आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किये तो एक युवक की पहचान हुई। जिसमें पुलिस को तहरीर देते हुए एक युवक को नाम दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नाम दर्ज राजन निवासी मेहवड कला के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी। भगवानपुर थाना प्रभारी सूर्य भूषण नेगी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# धामी कैबिनेट में हुए कई बड़े फैसले

## ● 37 प्रस्तावों को मिली मंजूरी



देहरादून ,। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में कुल 37 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने संवाददाताओं से कहा कि कैबिनेट ने 37 प्रस्तावों पर मुहर लगाई है। अनुपूरक बजट के संबंध में सवाल किए जाने पर उन्होंने बताया, अभी तक अनुपूरक बजट पर इस कैबिनेट बैठक में चर्चा नहीं की गई है। जिन विषयों पर चर्चा की गई है, उसके बारे में मैंने आपको बताया है।

निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर सवाल पूछे जाने पर मंत्री ने कहा, आरक्षण का विषय हमने मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है। हम इस पर चिंतन-मंथन कर रहे हैं। जैसे ही विचाराधीन विषयों पर अंतिम फैसला ले लिया जाएगा, हम निश्चित रूप से आरक्षण वाले विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा करेंगे और कोशिश करेंगे कि किसी नतीजे पर पहुंचा जा सके।उत्तराखंड सचिवालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सुबह 11:30 बजे बैठक हुई। 21 अगस्त से गैरसैण में मानसून सत्र आहूत हो रहा है। विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले कई विधेयकों को पेश करने से पहले कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी गई।

इससे पहले, नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के संबंध में पूरी नियमावली तैयार की गई।

कैबिनेट बैठक में संविदा, दैनिक वेतन भोगी व वर्कचार्ज कर्मचारियों के नियमितीकरण, अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने के संबंध में प्रस्ताव पारित कर दिया गया।

इसके अलावा, मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर व एसोसिएट प्रोफेसर के वेतन में इजाफा, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ को नगर निगम का दर्जा देने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।कैबिनेट बैठक में उत्तराखंड खेल विश्वविद्यालय विधेयक-2024 को भी सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है। जिस पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने खुशी जताई।उन्होंने कहा कि इस विधेयक को आगामी विधानसभा सत्र में पटल पर रखा जाएगा और जल्द ही पास करवाकर राज्य के युवाओं और खिलाड़ियों को एक नया मंच दिया जाएगा। वो दिन दूर नहीं जब उत्तराखंड देश के उन चुनिंदा राज्यों में होगा, जहां अपनी स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी होगी।

### बाबा रामदेव को भ्रामक विज्ञापन मामले में बड़ी राहत

नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने योगगुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के आचार्य बालकृष्ण को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ अवमानना का केस बंद कर दिया है। रामदेव और बालकृष्ण ने लिखित में माफी मांगी और कहा कि आगे से गुमराह करने वाले विज्ञापनों और पतंजलि के उत्पादों को लेकर भ्रामक दावे नहीं किए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को जारी अवमानना नोटिस पर 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि उसने उन 14 उत्पादों की बिक्री रोक दी है, जिनके निर्माण लाइसेंस उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने अप्रैल में निलंबित कर दिए थे।

कंपनी ने जस्टिस हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया था कि उसने 5,606 फ्रेंचाइजी स्टोर को इन उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया है। इसी के बाद बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद से एक एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया था।

# दिल्ली में आतिशी नहीं कैलाश गहलोत फहराएंगे झंडा

## ● एलजी के आदेश से आप में बढ़ी बेचैनी



नई दिल्ली ,दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कैबिनेट मंत्री आतिशी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराने की सीएम केजरीवाल की सिफारिश को अस्वीकार कर दिया है, इसके बजाय गृह मंत्री कैलाश गहलोत को इस जिम्मेदारी के लिए नामित किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के सुझाव के बाद एलजी सक्सेना ने गृह मंत्री कैलाश गहलोत को 15 अगस्त को झंडा फहराने के लिए नामित किया है। पिछले हफ्ते उपराज्यपाल वीके सक्सेना को लिखे पत्र में सीएम केजरीवाल ने कहा था कि कैबिनेट मंत्री आतिशी उनकी जगह दिल्ली सरकार के स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से कहा गया कि दिल्ली के उपराज्यपाल दिल्ली के किसी भी मंत्री को नामित कर सकते हैं। इसके बाद दिल्ली के उपराज्यपाल ने गृह मंत्री कैलाश गहलोत को तिरंगा फहराने के लिए नामित किया है। इससे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तिरंगा फहराने के लिए आतिशी को नामित किया था, लेकिन एलजी ने यह कहकर उनकी चिट्ठी वैध मानने से इनकार कर दिया गया कि नियम के मुताबिक जेल से केवल निजी मामलों में ही चिट्ठी लिखी जा सकती है। सामान्य प्रशासन मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को विभाग को निर्देश दिया था कि वह मुख्यमंत्री की इच्छा के अनुसार आतिशी द्वारा ध्वज फहराने की व्यवस्था करें। मंत्री के पत्र का जवाब देते हुए सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के अतिरिक्त मुख्य सचिव नवीन कुमार चौधरी ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री का निर्देश कानूनी रूप से अमान्य है और उस पर कार्रवाई नहीं की जा सकती।

# भूस्खलन की चपेट में आने से 16 कमरों का भवन जमींदोज




रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड में बारिश का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रुद्रप्रयाग जिले में भी बारिश के कारण बड़ा हादसा हो गया। यहां बांगर पट्टी के धारकुड़ी में 16 कमरों का भवन भूस्खलन की चपेट में आने से जमींदोज हो गया। बताया जा रहा कि भूस्खलन के कारण पूरा मकान लस्तर नदी में समा गया। घटना सोमवार 12 अगस्त देर रात की है। रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन को मामले की जानकारी मंगलवार सुबह 13 अगस्त को मिली है, जिसके बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। भूस्खलन की वजह से हुआ हादसाः जानकारी के अनुसार जखोली ब्लॉक की बांगर पट्टी के धारकुड़ी में मयाली-रणधार मोटर मार्ग पर बना लंबा सा भवन बीती रात भारी बारिश के चलते हुए भूस्खलन में ध्वस्त हो गया। बताया जा रहा है कि भवन में कुछ दुकानें और कुछ आवासीय कमरे थे। 16 कमरों के इस भवन के ध्वस्त होने से भवन स्वामी खासे चिंतित हैं। भवन में कई दुकाने भी थीः जमींदोज हुए भवन में मकान सिंह पंवार के 11 कमरे, सज्जन सिंह मेंगवाल के तीन कमरे व कुलदीप भारती के दो कमरे ध्वस्त थे। जिसमें कुछ आवासीय व कुछ दुकानें बताई जा रही हैं। प्रभावित सज्जन सिंह मेंगवाल ने बताया कि उनके तीन मंजिला मकान में दुकान भी शामिल थी, जिसमें कम्प्यूटर, प्रिंटर मशीन सहित अन्य करीब पांच लाख का सामन पूरी तरह से बर्बाद हो गया। भूस्खलन के कारण मकान में कुल मिलाकर 16 कमरे पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गए हैं।

यह भवन सड़क पर मौजूद था, लेकिन बीती रात हुई भारी बारिश के चलते पूरा भवन भूस्खलन की चपेट में आ गया। वहीं मंगलवार को एसडीएम जखोली भगत सिंह फोनिया, तहसीलदार बीएल आर्य व राजस्व उप निरीक्षक ने

### स्कूटी सवार बाप-बेटी गहरी खाई में गिरे, पुलिस ने रेस्क्यू किया

मसूरी। देहरादून जिले के मसूरी में मंगलवार 13 अगस्त को बड़ा हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार स्कूटी बेकाबू होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे के वक्त स्कूटी पर बाप-बेटी सवार थी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से खाई में गिरी बाप-बेटी का रेस्क्यू किया। इस हादसे में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें पुलिस ने निजी कार से मसूरी उप जिला चिकित्सालय भिजवाया गया, जहां पिता की गंभीर हालात को देखते हुए डॉक्टरों उन्हें हायर सेंटर देहरादून रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि हादसा मसूरी-देहरादून मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास हुआ है। स्कूटी करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिरी थी। लिस के मुताबिक 48 साल के नवीन भट्ट पुत्र स्वर्गीय मोहनलाल भट्ट निवासी भट्ट टोल मसूरी अपनी 14 साल की बेटी तनीषा भट्ट के साथ स्कूटी पर पेट्रोल पंप से तेल भरवा कर मसूरी की ओर जा रहे थे। तभी अचानक से स्कूटी पर उनका कंट्रोल खो गया और स्कूटी समेत बाप-बेटी करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और दोनों को खाई से निकाला।

# हाईकोर्ट ने 20 अगस्त तक सरकार से निकाय चुनाव का कार्यक्रम मांगा



नैनीताल। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से अगले मंगलवार यानि 20 अगस्त तक निकाय चुनाव का पूरा कार्यक्रम पेश करने को कहा है। साथ ही राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति कर इसकी सूचना भी कोर्ट को देने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड में तय समय पर निकाय चुनाव नहीं कराने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने ये निर्देश दिए। राज्य सरकार का पक्ष रखते हुए महाधिवक्ता ने कहा, निकाय चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। सरकार अक्तूबर में निकाय चुनाव करा लेगी। उन्होंने चुनाव में देरी के कारण भी कोर्ट के सम्मुख रखे। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए निकाय चुनाव कराने संबंधी अन्य याचिकाओं को भी एक साथ सूचीबद्ध कराने के आदेश दिए। मंगलवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने कोर्ट को बताया कि राज्य में तय समय के भीतर निकाय चुनाव, लोकसभा चुनाव की वजह से नहीं हो पाए। राज्य का प्रशासन लोकसभा के चुनाव कराने में व्यस्त था। उसके बाद बरसात शुरू हो गई और आधा प्रशासन आपदा राहत कार्य में व्यस्त है। महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि पूर्व के आदेश पर राज्य सरकार ने निकाय चुनाव कराने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। राज्य सरकार अक्तूबर में निकाय चुनाव करा लेगी। जनहित याचिका में याचिकाकर्ता जसपुर निवासी मोहम्मद अनवर की तरफ से कहा गया है कि तय समय के अनुसार निकाय चुनाव हो जाने चाहिए थे, लेकिन राज्य सरकार ने कोर्ट में स्टेटमेंट देकर भी चुनाव नहीं कराए। यह कोर्ट के आदेश की अवहेलना है। याचिक-ाकर्ता ने कहा कि अभी तक राज्य सरकार ने निकाय चुनाव कराने वाली संस्था में राज्य निर्वाचन आयुक्त तक की नियुक्ति नहीं की है।

**जसपुर निवासी अनवर ने दायर की है जनहित याचिका**

मामले के अनुसार, जसपुर निवासी मोहम्मद अनवर ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि नगर पंचायतों, पालिकाओं एवं नगर निगमों का कार्यकाल बीते दिसंबर में खत्म हो गया है।

आठ महीने बीत जाने के बावजूद सरकार ने निकाय चुनाव का कार्यक्रम घोषित नहीं किया है। इसके उलट निकायों में नियुक्त किए प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ा दिया है।

### ग्रामीणों के मेजरमेंट के आधार पर फैसला लें डीएम : हाईकोर्ट

नैनीताल। हाईकोर्ट ने टिहरी जिले के धनोल्टी से 12 किमी दूर स्थित गोठ गांव को अब तक मुख्य सड़क मार्ग से न जोड़े जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने ग्रामीणों द्वारा दिए गए सड़क के मेजरमेंट (माप) पर जिलाधिकारी से निर्णय लेने को कहा है। मामले के अनुसार, गोठ गांव के निवासियों ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनका गांव धनोल्टी पर्यटन स्थल से 12 किलोमीटर दूरी पर है। जब से उत्तराखंड राज्य बना है, तब से ग्रामीण इस गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए प्रत्यावेदन देते आए हैं। जब भी राज्य में चुनाव का समय होता है, उस वक्त क्षेत्रीय विधायक और सांसद उनकी मांगों को उच्च स्तर पर रखने का आश्वासन देते रहते रहते हैं। लेकिन जीतने के बाद वे अपने वादे भूल जाते हैं। गोठ के निवासियों ने याचिका में कहा है कि उनका गांव मुख्य सड़क मार्ग से न जुड़ा होने के कारण पिछले पांच साल में डोली में ले जाते समय 15 से अधिक गर्भवतियों और उनके शिशु की मौत हुई है। यह गांव फल पट्टी भी है। इसका भी उन्हें कोई लाभ नहीं दिया जा रहा है। याचिका में कहा है कि पर्यटन स्थल धनोल्टी के विकास के लिए राज्य सरकार हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर रही है।

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने दिया आदेश

# महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले की होगी सीबीआई जांच



नई दिल्ली , कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर की दुष्कर्म और हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर और छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के बीच इस मामले पर कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जिसके बाद अब इस केस की जांच अब सीबीआई करेगी। मंगलवार को उच्च न्यायालय ने यह आदेश दिया। अदालत ने कहा कि इस घटना में अस्पताल प्रशासन ने गंभीर लापरवाही की है और इस मामले की जांच अब सीबीआई को दी जाती है। इसके साथ ही अदालत ने अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल को लंबी छुट्टी पर भेज दिया है। इस वीभत्स हत्याकांड का पूरे देश में विरोध हो रहा है। यहां तक कि देश भर के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर विरोध जता रहे हैं और कई जगहों पर ओपीडी ठप पड़ी है। अदालत ने कहा कि अस्पताल प्रशासन ने इस मामले में ढिलाई बरती, जबकि उसे पता था कि क्या घटना हुई है। किस तरह डॉक्टर के शरीर पर गंभीर चोटों के और जख्मों के निशान हैं। अदालत ने कहा कि मृतका के परिजन ऐसी एजेंसी से जांच चाहते हैं, जिसमें कोई छेड़छाड़ की गुंजाइश न रहे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के केवी राजेंद्रन केस में दिए फैसले का जिक्र किया और कहा कि दुर्लभतम मामलों में अदालत भी केस ट्रांसफर करने की अपनी शक्ति का इस्तेमाल कर सकती है। अदालत का यह फैसला इसलिए भी अहम है क्योंकि सीएम ममता बनर्जी ने खुद कहा था कि पुलिस रविवार तक इस मामले की पूरी जांच करे और खुलासा हो। यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो हम केस की जांच सीबीआई को ट्रांसफर कर देंगे। वहीं हाई कोर्ट ने रविवार के पहले ही यह फैसला दे दिया है। अदालत ने पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष को भी लताड़ा। बेंच ने कहा कि यह दिल दुखाने वाली बात है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी वह ऐक्टिव नहीं थे। यहां तक कि उन्होंने हंगामे के बाद जब पद से इस्तीफा दिया तो उन्हें दूसरे कॉलेज में जिम्मेदारी मिल गई।

### टौंस नदी चेतावनी निशान से 10 सेमी ऊपर बही

विकासनगर। टौंस और यमुना के जल स्तर में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। इन नदियों के ऊपरी कैचमेंट एरिया में बारिश हो रही है। मंगलवार को टौंस का बहाव चेतावनी निशान से 10 सेमी अधिक और खतरे के निशान से मात्र 1.5 मीटर कम था। जबकि यमुना भी खतरे के निशान के नजदीक बह रही थी। टौंस और यमुना के जल स्तर में उतार चढ़ाव के कारण स्थानीय बाशिंदों के साथ ही प्रशासन की भी नींद उड़ी हुई है। मंगलवार को टौंस नदी का जल स्तर 643.70 मीटर रहा। यह चेतावनी निशान 643.60 मीटर से 10 सेमी अधिक और खतरे के निशान 644.75 मीटर से 1.5 मीटर कम रहा। टौंस का जलस्तर चेतावनी निशान के पार पहुंचने के साथ ही प्रशासन चौकन्ना हो गया है। मंगलवार दोपहर बाद से ही एसडीआरएफ और जल पुलिस के जवान तटवर्ती इलाकों में गश्त करते रहे। इच्छाड़ी बांध से कुछ दूरी पर जल पुलिस ने नाव भी तैयार रखी थी।

# मानसून सीजन में आपदा से ऊर्जा निगम को करोड़ों का नुकसान

## ● अकेले रुद्रप्रयाग में ही 100 करोड़ की धनहानि

देहरादून। मानसून की बारिश इस बार भी उत्तराखंड में आपदा का कहर बरपा रही है। खासकर पहाड़ों में भारी भूस्खलन के कारण जगह-जगह जानमाल की हानि हो रही है। पहाड़ों में विद्युत वितरण प्रणाली पर भी मौसम की मार पड़ी है। इस मानसून सीजन में अकेले ऊर्जा निगम को ही करीब 126 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा है। आपदाग्रस्त क्षेत्रों में करीब साढ़े चार सौ किलोमीटर लंबी विद्युत लाइनें और तीन हजार से अधिक पोल क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही प्रदेशभर में 400 से अधिक ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचा है। इसमें सर्वाधिक नुकसान रुद्रप्रयाग जिले में हुआ है।



**केदारघाटी में बिजलीघर से लेकर अन्य उपकरणों को भारी क्षति**

केदारघाटी में बिजलीघर से लेकर अन्य उपकरणों को भारी क्षति पहुंची है। हालांकि, ऊर्जा निगम की ओर से युद्ध स्तर पर उपकरणों की मरम्मत और नए उपकरण लगाकर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारू करने का दावा किया जा रहा है।

उत्तराखंड में वैसे तो जुलाई और अगस्त पूरे प्रदेश में मानसून चरम पर होने से जमकर बारिश होती है, लेकिन यह मानसूनी बारिश पहाड़ से मैदान तक गहरे जख्म दे जाती है। ऊर्जा निगम को इस आपदा में भी भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है।

**ऊर्जा निगम की करोड़ों की संपत्ति चढ़ गई आपदा की भेंट**

केदारघाटी में बीते दिनों ऊर्जा निगम की करोड़ों की संपत्ति आपदा की भेंट चढ़ गई। इसके अलावा अन्य जिलों में बड़ी संख्या में विद्युत लाइन, पोल और ट्रांसफार्मर को क्षति पहुंच रही है। अतिसंवेदनशील रुद्रप्रयाग जिले में इस मानसून सीजन में अब तक 27 किमी से अधिक लंबाई की विद्युत लाइनें, कुल 236 बिजली के पोल, 10 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए।

# रुड़की में तिरंगा बाइक रैली में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**● रुड़की में नेहरू स्टेडियम से शताब्दी द्वार आई आई टी तक संचालित हुई तिरंगा बाइक रैली। ● मुख्यमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का किया आह्वान।**



रुड़की। भारतीय जनता पार्टी रुड़की ने मंगलवार को रुड़की में भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में तिरंगा बाइक रैली निकाली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेहरू स्टेडियम से रैली को हरी झंडी दिखाते हुए बाइक चलाई। उन्होंने कहा कि इस रैली का उद्देश्य देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए आम नागरिकों में जागरूकता को बढ़ाना है। भाजपा जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने कहा कि इस रैली के माध्यम से भाजपा ने यह संदेश दिया कि देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हमे एक साथ खड़े रहना होगा। रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि इस रैली के द्वारा लोगों को देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने और एकता के साथ खड़े रहने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में युवाओं को लीड करते युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौरव कौशिक ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने और साथ में प्रतिभाग करने पर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सीएम धामी के आने से युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

### गढ़वाल की 231 सड़कों को वन मंत्रालय की जल्द मिलेगी एनओसी

देहरादून। गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र में लंबे से फारेस्ट क्लिीरेंस न मिलने से अटकी 231 सड़कों के निर्माण का राह खुलने जा रही है। मंगलवार को गढ़वाल सांसद व भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने इन सड़कों को लेकर केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर चर्चा की। बलूनी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जारी वीडियो में कहा है कि गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों के लिए आज का दिन काफी महत्वपूर्ण है। आज मैं वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मिला और उनके समक्ष 231 ऐसे मार्गों का प्रस्ताव रखा जो वन विभाग की एनओसी न मिलने की वजह से नहीं बन पा रहे थे। सांसद बलूनी ने बताया कि क्षेत्र के लोग बहुत समय से इन मार्गों को बनाने की मांग कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी काफी संख्या में लोगों ने इन मार्गों के न बनने की समस्या को उनके समक्ष उठाया था। बलूनी ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र के सभी जिलाधिकारियों से उन्होंने ऐसी सड़कों का ब्योरा मांगा था जिन्हें वन मंत्रालय से क्लिीरेंस नहीं मिल पा रही है।

## आसाराम को बड़ी राहत

# हाईकोर्ट से मिली 7 दिनों की पैरोल



जोधपुर ,यौन उत्पीड़न के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने आसाराम को 7 दिन की पैरोल दी है। ये पैरोल आसाराम को इलाज के लिए मिली है। आसाराम पुलिस कस्टडी में इलाज के लिए महाराष्ट्र जाएंगे। हाई कोर्ट के जस्टिस डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह भाटी की खंडपीठ ने उनकी अंतरिम पैरोल मंजूर की। मार्च 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने रेप के मामले में सजा काट रहे आसाराम की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। आसाराम ने स्वास्थ्य के आधार पर सजा निलंबित करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। आसाराम ने खराब सेहत का हवाला देकर सुप्रीम कोर्ट से राहत मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि निचली अदालत से मिली उम्रकैद की सजा के खिलाफ आसाराम की याचिका पर राजस्थान हाईकोर्ट तेजी से सुनवाई करे। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि इलाज को लेकर राहत के लिए वे राजस्थान हाईकोर्ट में अर्जी दें।

## संपादकीय

# सुरक्षा की एडवाइजरी

ड्यूटी के दौरान चिकित्सकों पर हमले और उनसे अभद्र व्यवहार के मामले अक्सर राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बनते हैं। कई बार चिकित्सकों पर हमलों के कारण हड़ताल जैसी परिस्थितियां भी उत्पन्न हुई है, इसके फलस्वरूप लंबे समय से देश भर के चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ अपनी सुरक्षा को लेकर आवाज उठाते आ रहे हैं। हालांकि चिकित्सकों पर हमले के बाद विधिक तौर पर कार्रवाई भी की जाती है लेकिन इधर अब राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने सभी मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों के लिए काम करने के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए एडवाइजरी जारी की है, जो चिकित्सकों को एक सुरक्षित माहौल प्रदान करेगी। इस एडवाइजरी को मेडिकल कॉलेज एवं दूसरे अस्पतालों के लिए जारी किया गया है, जिसमें मेडिकल कॉलेज के लिए मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा करने की व्यवस्था करने को कहा गया है। एडवाइजरी केवल आपराधिक मामलों को लेकर नहीं है बल्कि इसमें चिकित्सकों की आवासीय सुरक्षा से लेकर ओपीडी, वार्ड, कैजुअल्टी, हॉस्टल और परिसर और अन्य खुले क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित कारण जरूरी होगा। एडवाइजरी में महिला स्टाफ की सुरक्षा को लेकर खास ध्यान दिया गया है, और हिंसा की किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी तत्काल कॉलेज प्रबंधन द्वारा पुलिस को देने की बात कही गई है। हिंसा की किसी भी घटना पर एक विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट अनिवार्य रूप से घटना के 48 घंटे के भीतर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) को उपलब्ध करानी होगी। हमारे देश में इलाज के दौरान चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े होते आए हैं और कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आ चुकी हैं जहां चिकित्सकों को कई बार अपनी जान बचाकर भागना पड़ा है। भारतीय चिकित्सा परिषद ऐसे मामलों को लेकर गंभीर है और देखा जाए तो एक चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ तभी अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में खुद को सक्षम महसूस करेगा जब उसके आसपास का वातावरण उसके लायक एवं सुरक्षित होगा। इसके लिए जरूरी है कि कार्यस्थल पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध हो ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। यदि इलाज करने वाले ही मानसिक एवं शारीरिक रूप से खुद को असुरक्षित समझेंगे तो उनके कार्य से सार्थक परिणाम मिलने की उम्मीद करना भी बेकार होगा।

# बांग्लादेश में अमेरिका के रणनीतिक हित स्पष्ट

**डॉ. दिलीप चौबे**

**बांग्लादेश की चर्चित लेखिका और भारत में निर्वासन का जीवन जी रही तसलीमा नसरीन ने घटनाक्रम का विश्लेषण किया है। तसलीमा को शेख हसीना के शासनकाल में देश छोड़ने पर मजबूर किया गया था। तसलीमा शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद दिल्ली आने को नियती का न्याय मान रही हैं। लेकिन इस व्यक्तिगत नाराजगी से अलग होकर वह लोकतंत्र और मजहबी विचारधारा के अंतर्विरोधों का भी जिक्रकरती हैं। उनके अनुसार 'मुस्लिम समाज जब अल्पसंख्यक होता है तो वह लोकतंत्र चाहता है, लेकिन बहुसंख्यक होता है तो वह इस्लामी राज्य की मांग करता है।' शेख हसीना ने अपने शासनकाल में इसी अंतर्विरेध को दूर करने की कोशिश की थी। वह एक लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष रूप में देश को विकास के रास्ते पर ले जा रही थीं। इतना ही नहीं विदेश मामलों में वह स्वतंत्र विदेश नीति को अनुसरण करने की कोशिश कर रही थीं। अपनी इन नीतियों के समर्थन में घरेलू स्तर पर वह जनसमर्थन को संगठित करने में कामयब नहीं हो सकीं। बांग्लादेश में विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी का गठजोड़ कायम रहा।**

बांग्लादेश के घटनाक्रम से भारत को राजनीतिक और रणनीतिक रूप से बहुत धक्का लगा है। इस नुकसान की निकट भविष्य में भरपाई हो पाएगी ऐसी संभावना नहीं लगती।


भारत के लिए यह भी अफसोस की बात है कि जिस देश के निर्माण में उसने निर्णायक भूमिका निभाई थी वह फिर गुलामी की सुरंग में प्रवेश कर रहा है। यह विडम्बना है कि बांग्लादेश के नये हुक्मरान इसे दूसरी आजादी की संज्ञा दे रहे हैं। बांग्लादेश में राष्ट्रपिता शेख मुजिबुर रहमान की प्रतिमाओं को तोड़े जाने का दृश्य भारत के लोगों के लिए भी हृदयविदारक है। यह विचारणीय है कि बांग्लादेश का युवा वर्ग इतना गुमराह कैसे हो गया कि वह 1971 की आजादी की विरासत ही भूल गया। कहने के लिए युवा वर्ग के आंदोलन का नेतृत्व स्वतंत्रता प्रेमी और प्रगतिशील छात्र नेता कर रहे थे। वे शेख हसीना के कथित निरंकुश शासन से छुटकारा पाने और वास्तविक लोकतंत्र की स्थापना के लिए सड़कों पर उतरे थे। लेकिन हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों से इस आंदोलन का भयावह चेहरा उजागर हुआ है।

बांग्लादेश की चर्चित लेखिका और भारत में निर्वासन का जीवन जी रही तसलीमा नसरीन ने घटनाक्रम का विश्लेषण किया है। तसलीमा को शेख हसीना के शासनकाल में देश छोड़ने पर मजबूर किया गया था। तसलीमा शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद दिल्ली आने को नियती का न्याय मान रही हैं। लेकिन इस व्यक्तिगत नाराजगी से अलग होकर वह लोकतंत्र और मजहबी विचारधारा के अंतर्विरोधों को भी जिक्रकरती हैं। उनके अनुसार 'मुस्लिम समाज जब अल्पसंख्यक होता है तो वह लोकतंत्र चाहता है, लेकिन बहुसंख्यक होता है तो वह इस्लामी राज्य की मांग करता है।' शेख हसीना ने अपने शासनकाल में इसी अंतर्विरोध को दूर करने की कोशिश की थी।

वह एक लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष रूप में देश को विकास के रास्ते पर ले जा रही थीं। इतना ही नहीं विदेश मामलों में वह स्वतंत्र विदेश नीति को अनुसरण करने की कोशिश कर रही थीं। अपनी इन नीतियों के समर्थन में घरेलू स्तर पर वह जनसमर्थन को संगठित करने में कामयब नहीं हो सकीं।

बांग्लादेश में विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी का गठजोड़ कायम रहा। इन्हीं हालात में अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों ने बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की मुहिम को हवा दी। मुखौटे के रूप में छात्रों और नोबल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को सामने लाया गया। बांग्लादेश में अमेरिका के रणनीतिक हित स्पष्ट हैं।

वह हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में चीन की नाकाबंदी करना चाहता है। उसने इसी क्रम में भारत को शामिल करने के लिए क्वाड की स्थापना की थी, लेकिन हाल के वर्षों में स्पष्ट हो गया कि भारत दादागिरी के इस खेल में एक पक्ष बनने के लिए तैयार नहीं है। नये हालात में अमेरिका ने वैकल्पिक उपाय के रूप में ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के साथ मिनव गुट 'ऑक्स' की स्थापना की। साथ ही जापान, द. कोरिया और फिलिपींस के साथ गठजोड़ को मजबूत बनाया। केवल बंगाल की खाड़ी का विस्तृत इलाका खाली पड़ा था। इस क्षेत्र में अपनी रणनीतिक दखल को बढ़ाने के लिए अमेरिका ने बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन में भूमिका निभाई।



सवाल यह है कि शेख हसीना और उनकी पार्टी अवामी लीग का क्या भविष्य है। फिलहाल अमेरिका की कोशिश यह होगी कि बांग्लादेश में लोकतंत्र का स्वांग रचाया जाए। साथ ही शेख हसीना की बांग्लादेश वापसी को हर हाल में रोका जाए। अवामी लीग में वैकल्पिक नेतृत्व कायम किया जाए जो अमेरिकी हितों का ध्यान रखे।

भारत ने 1971 में अमेरिका के 7वें नौसैनिक बेड़े को धता बताते हुए बांग्लादेश को आजाद कराया था। आधी सदी बाद क्या भारत फिर ऐसी भूमिका निभाएगा? भारत अपने बलबूते शायद ऐसा करने की स्थिति में नहीं है। उसे इस चुनौती का सामना करने के लिए रूस, चीन और दक्षिण पूर्व एशिया के देशों का सहयोग हासिल करना होगा। केवल ऐसा व्यापक गठजोड़ ही बंगाल की खाड़ी और हिन्द महासागर को सुरक्षित रख सकता है। केवल इसे पूर्वोत्तर में शांति, स्थिरता तथा भारत के रणनीतिक हितों की सुरक्षा भी संभव है।

## कोई राज्य हाईवे कैसे बंद कर सकता है

सर्वोच्च अदालत ने हरियाणा सरकार से अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर लगाए अवरोधक हटाने का निर्देश दिया है। अदालत ने राजमार्ग को अवरुद्ध करने के अधिकार पर भी प्रश्न उठाए। कोई राज्य हाईवे को कैसे बंद कर सकता है। यातायात नियंत्रित करने को उसका दायित्व बताते हुए अदालत ने कहा कि किसान भी देश के नागरिक हैं। उन्हें खाना दीजिए, चिकित्सकीय देखभाल कीजिए। पीठ ने कहा वे आएंगे, नारे लगाएंगे, वापस चले जाएंगे। संयुक्त किसान मोर्चा, किसान मजदूर मोर्चा द्वारा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली चलो की घोषणा के बाद हरियाणा सरकार ने फरवरी में अंबाला-नई दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग में बैरीकेड्स लगा दिए थे। शीर्ष अदालत हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। जैसा कि फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों के दरम्यान हुई झड़प में हुई किसान की मौत की जांच के लिए उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में पैनल गठित करने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार का कहना है कि 400-500 किसान पंजाब की तरफ बैठे हैं। सबसे बड़ी अदालत की नाराजगी उस यातायात अव्यवस्था के कारण है, जिससे जनता को हर रोज जूझना पड़ता है। इस पर हैरत नहीं होती कि सरकारें किस बेरुखी से व्यस्त सडक़ों पर अवरोधक लगाने के आदेश जारी कर देती हैं। पांच महीनों से ऐसी सडक़ को बाधित रखना, जिसका प्रयोग ढेरों लोग नियमित तौर पर करते हैं। यहां तो किसानों के उग्र आंदोलन की दलील दी जा सकती है जबकि देखने में आता है कि राजनेताओं की सुविधा और उनके कार्यक्रमों के मद्देनजर देश भर में अवरोधकों के धड़ल्ले से उपयोग होते रहते हैं। अदालतों की कड़ी टिप्पणियों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती। सरकारी आदेशों या नियमों के विरोध का हक नागरिकों से छीना नहीं जा सकता। उन्हें काबू में रखने के तरीके मानवीय और व्यावहारिक भी हो सकते हैं। बात नाराज किसानों की ही नहीं है, बल्कि सडक़ को लंबे समय तक बंद रखने और वैकल्पिक व्यवस्था देने में कोताही की भी है। उम्मीद की जानी चाहिए अदालत के इस आदेश से सरकारें सीख लेंगी और भविष्य में अवरोधकों का बेजा प्रयोग थम जाएगा।

## छोटे किसान खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत

वैश्विक खाद्य सुरक्षा के साथ पोषण भी काफी जरूरी है। कृषि अर्थशास्त्रियों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र का यह कहना बेहद अहम है। इसकी कई वजहें हैं।

खाद्यान्न उत्पादन में भारत हमेशा से समृद्ध और सक्षम रहा है। आजादी के वक्त भले हमारी स्थिति कमजोर थी और खाद्य सुरक्षा चुनौती थी, मगर आज हम खाद्य अधिशेष देश हैं। दूध, दाल एवं कई मसालों का सबसे बड़ा व खाद्यान्न, फल-सब्जी, कपास, चीनी, चाय व मछली का दूसरा बड़ा उत्पादक हैं। दरअसल, यह सबकुछ संभव हुआ है खेती में नई नीतियों का समायोजन करके। चूंकि भारत में छोटे किसान खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं इस नाते भारत वैश्विक हो रही खाद्यान्न समस्या को सही और समग्र तरीके से समझने वाला देश है औंर इसके निदान के लिए भारत के मॉडल कई देशों के काम आ सकते हैं। देश की 70 फीसद से ज्यादा की आबादी खेती-किसानी करती है। भारतीय अर्थव्यवस्था को विस्तार और ताकत देने में खेती का बहुमूल्य योगदान है। साफ है कि कृषि हमारी आर्थिक नीतियों के केंद्र में है। जहां तक बात वैश्विक तौर पर खाद्य संकट को दूर करने की है तो भारत ने ऐसे कई उपाय तलाशे हैं, जिससे इस बड़ी समस्या को हल किया जा सकता है। इसमें प्राकृतिक खेती का चलन सबसे कारगर है। अच्छी बात है कि इसके परिणाम भी सुखद आ रहे हैं। स्वाभाविक है सरकार के लिए यह वाकई सुखकारी स्थिति है। यही वजह है कि इस बार के बजट में कृषि के सतत विकास पर बड़ा फोकस है। हां, चुनौती भी हमारे दरपेश है। क्योंकि जलवायु में हाहाकारी बदलाव ने कृषि के रंग-ढंग को बदल कर रख दिया है। इस नाते शोध की जरूरत आन पड़ी है।

# जीन एडिटिंग तकनीकी और जीएम फसल अलग नहीं

**पंकज चतुर्वेदी**

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने जेनेटेकली मोडिफाइड अर्थात जीएम सरसों की भारत में व्यावसायिक खेती करने की सरकारी मंजूरी के खिलाफ याचिका पर खंडित फैसला दिया।

जस्टिस बीवी नागरत्ना का आकलन था कि जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (जीईएसी) की 18-25 अक्टूबर, 2022 को संपन्न जिस बैठक में इसकी मंजूरी दी गई, वह दोषपूर्ण थी क्योंकि उस बैठक में स्वास्थ्य विभाग का कोई सदस्य नहीं था और कुल आठ सदस्य अनुपस्थित थे। जस्टिस संजय करोल का मानना था कि जीईएसी के फैसले में कुछ गलत नहीं है। उन्होंने जीएम सरसों फसल को सख्त सुरक्षा उपायों का पालन करते हुए पर्यावरण में छोडऩे की बात जरूर की।

हालांकि, दोनों न्यायाधीश इस बात पर एकमत थे कि केंद्र सरकार को आनुवंशिक रूप से संवर्धित (जीएम) फसलों पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार चाहिए। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के सामने जाएगा। वैसे जीईएसी आनुवंशिक रूप से जीएम फसलों के लिए देश की नियामक संस्था है। लेकिन दो जजों की पीठ ने सुझाव दिया है कि चार महीने के भीतर केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय जीएम फसल के सभी पक्षों, जिनमें कृषि विशेषज्ञों, जैव प्रौद्योगिकीविद्, राज्य सरकारों और किसान प्रतिनिधियों सहित हितधारक शामिल हों, के परामर्श से जीएम फसलों पर राष्ट्रीय नीति तैयार करे।

किसी से छुपा नहीं है कि भारत में खाद्य तेल की जबरदस्त मांग है लेकिन 2021-22 में 116.5 लाख टन खाद्य तेलों का उत्पादन करने के बावजूद भारत को 141.93 लाख टन का आयात करना पड़ा। अनुमान है कि 2025-26 में यह मांग 34 मिलियन टन तक पहुंच जाएगी। हमारे खाद्य तेल के बाजार में सरसों के तेल की भागीदारी कोई 40 फीसद है। ऐसा दावा किया गया कि यदि सरसों उत्पादन में जीएम बीज का इस्तेमाल करेंगे तो फसल 27 प्रतिशत अधिक होगी जिससे तेल की आयात का खर्च काम होगा।



हालांकि यह तो सोचना होगा कि 1995 तक देश में खाद्य तेल की कोई कमी नहीं थी। फिर बड़ी कंपनियां इस बाजार में आई। उधर आयात कर काम किया गया और तेल का स्थानीय बाजार बिल्कुल बैठ गया। दावा यह भी है कि इस तरह के बीज से पारंपरिक किस्मों की तुलना में कम पानी, उर्वरक और कीटनाशकों की आवश्यकता होती है, और मुनाफा अधिक।

लेकिन जीएम फसलों खासकर कपास को लेकर हमारे पिछले अनुभव बताते हैं कि ऐसे बीजों की दूरगामी परिणाम खेती और पर्यावरण, दोनों के लिए भयावह हैं। समझना होगा कि जीएम फसलों को उत्पाद के मूल जीन को कृत्रिम रूप से संशोधित किया जाता है। इसके लिए आम तौर पर किसी अन्य जीव से आनुवंशिक सामग्री डाली जाती है जिससे उन्हें नये गुण दिए जा सकें।

ये गुण अधिक उपज, खरपतवार कम करने, किसी कीट से लगने वाली बीमारी और कम पानी या फिर बेहतर पोषक तत्व आदि हो सकते हैं। देश में अभी तक कानूनी रूप से केवल बीटी कपास एकमात्र जीएम स्वीकृत फसल है। बीते 17 सालों में कपास की बीज दावों पर खरे उतरे नहीं। बीटी बीज देशी बीज की तुलना में बहुत महंगा है और दावे के विपरीत इसमें कीटनाशक का इस्तेमाल करना ही पड़ा। फसल तो ज्यादा हुई नहीं, लेकिन अब हर साल बीज बाजार से खरीदने की मजबूरी हो गई। विकसित देश बानगी हैं कि इस तरह के बीजों से खेतों की उर्वर क्षमता कम हुई है। पौष्टिक तत्व भी कम हुए हैं।

दुनिया भर में कहीं भी बीटी फसल को खाद्य पदार्थ के रूप में मंजूरी नहीं मिली है। यूरोप में भी इस पर सख्त पाबंदी है। ऐसे में भारत में लोकप्रिय और आम आदमी के इस्तेमाल वाले सरसों के तेल के लिए बीटी पर मंजूरी संदेह पैदा करती है। समझना होगा कि इस तरह के बीजों से उत्पन्न सरसों के फूल मधुमक्खियों के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं। मधुमक्खियां शहद के लिए ज्यादातर रस सरसों के फूलों से ही प्राप्त करती हैं। सरसों की खेती में इस तरह के बीजों से उत्पन्न फूलों में मधुमक्खियों को परागण तो मिलेगा नहीं, उलटे कुछ जानलेवा कीट की वे शिकार हो जाएंगी।

समझ लें कि जीएम बीज हमारे पारंपरिक बीजों के अस्तित्व के लिए खतरा हैं, और अब बदले हुए नाम से जीएम फसलों के लिए बैंगन-टमाटर आदि के लिए पिछले रास्ते से घुसाया जा रहा है। केंद्र सरकार कोई दो साल पहले जीनोम एडिटेड टेक्नोलॉजी का उपयोग कर नई फसल प्रजातियां विकसित करने के शोध को मंजूरी दे चुकी है। जीनोम एडिटेड प्लांट्स की एसडीएन-1 और एसडीएन-2 श्रेणियों के नियमन की समीक्षा (रेग्युलेटरी रिव्यू) के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर्स (एसओपी) को 4 अक्तूबर, 2022 को अधिसूचित किया जा चुका है।

# डबल इस्मार्ट को सेंसर बोर्ड से ए सर्टिफिकेट के साथ मिली हरी झंडी

साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल इस्मार्ट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में फिल्म का डामर ट्रेलर जारी किया गया था। सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर कई तरह की जानकारियां सामने आ रही थीं। वहीं अब निर्माताओं ने भी प्रशंसकों के साथ फिल्म से जुड़ी दिलचस्प जानकारी साझा की है, जो उनके सेंसर औपचारिकताओं के बारे में है।फिल्म के ट्रेलर रिलीज के पहले से ही निर्माता फिल्म को लेकर सेंसर बोर्ड से जुड़े कामों में व्यस्त है। दरअसल, निर्देशक पुरी जगन्नाथ विजाग में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शामिल नहीं हुए थे, जिसके बाद उन्होंने वीडियो जारी कर फैंस से माफी भी मांगी थी और ट्रेलर लॉन्च से गायब रहने का करण भी बताया था। उन्होंने कहा था कि वे कुछ सेंसर बोर्ड से जुड़े कामों में जुटे हुए थे, जिस वजह से विजाग नहीं जा पाए। इसके बाद सोशल मीडिया पर दावा किया गया कि फिल्म को सेंसर बोर्ड ने हरी झंडी दिखा दी है।वहीं, अब इस खबर पर फिल्म के निर्देशक ने भी मुहर लगा दी। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर आधिकारिक पोस्ट साझा कर बताया है कि फिल्म अब अपनी सेंसर औपचारिकताएं पूरी कर चुकी है।




उन्होंने फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, ए, दो घंटे 42 मिनट, मेंटल मास मैडनेस शो आप सभी को सिनेमाघरों में आने की गारंटी देता है। फिल्म 15 अगस्त को दुनिया भर में बड़े पैमाने पर रिलीज होगी।

अपनी पोस्ट में पुरी जगन्नाथ ने बताया कि सीबीएफसी ने फिल्म को ए सर्टिफिकेट के साथ पास किया है।

### निशानेबाजी विश्व कप में भाग नहीं लेंगी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर?

नईदिल्ली, पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक विजेता मनु भाकर मंगलवार को भारत लौट सकती हैं। इसके बाद वह तीन महीने का ब्रेक ले सकती हैं। माना जा रहा है कि वह दिल्ली में होने वाले विश्व कप से भी बाहर रह सकती हैं। भारतीय दल ओलंपिक में कुल छह पदक अपने नाम करने में कामयाब रहा। इनमें से दो मनु भाकर ने जीते। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा और सरबजोत के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गईं। इस बीच स्टार निशानेबाज के कोच जसपाल राणा ने जानकारी दी कि वह अक्टूबर में होने वाले विश्व कप का हिस्सा नहीं होंगी। जसपाल ने कहा – मुझे नहीं पता कि वह अक्टूबर में होने वाले विश्व कप में खेलेंगी या नहीं क्योंकि वह तीन महीने का ब्रेक ले रही है वह लंबे समय से कड़ी मेहनत कर रही है तो यह नॉर्मल ब्रेक है।

# मनु भाकर और नीरज चोपड़ा करेंगे शादी? शूटर के पिता ने कर दिया साफ

नईदिल्ली, पेरिस ओलंपिक 2024 से भारत के लिए मेडल जीतकर आए नीरज चोपड़ा और मनु भाकर के एक वीडियो ने हर तरफ तहलका मचा रखा है. इस वीडियो के सामने आने के बाद से ही सोशल मीडिया पर यूजर्स इनकी जोड़ी बनाने लगे हैं और अफवाहों के बाजार से शादी की खबरें भी आने लगी हैं.

मनु भाकर और नीरज चोपड़ा के वायरल वीडियो ने सोशल मीडिया पर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है. वीडियो में आप देख सकते हैं कि मनु और नीरज एक-दूसरे से नजरें बिना मिलाए, बात कर रहे हैं. इसपर यूजर्स ने उनकी लव स्टोरी के कयास लगाने शुरू कर दिए. वहीं, जब मनु की मां सुमेधा भाकर का नीरज के साथ वीडियो आया, तब तो यूजर्स मनु और नीरज की शादी तक पहुंच गए, क्योंकि वीडियो में मनु की मां नीरज का सिर अपने हाथ पर रखकर उन्हें कसम देती नजर आ रही हैं.



नीरज चोपड़ा के साथ बेटी मनु की शादी की खबरें आने के बाद अब पिता राम किशन भाकर का बयान सामने आया है. उन्होंने साफ कर दिया है कि अभी ऐसा कुछ भी नहीं है. एक इंटरव्यू में मनु के पिता ने कहा, मनु अभी बहुत छोटी है. उसकी शादी की उम्र भी नहीं हुई है. अभी तो इसके बारे में सोच भी नहीं रहा हूं.

# कीर्ति सुरेश की रघु ताथा का मजेदार ट्रेलर रिलीज

साउथ फिल्मों की खूबसूरत और अभिनय में पक्की एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश एक बार अपने दर्शकों का मनोरंजन करने आ रही हैं. कीर्ति की अपकमिंग कॉमेडी ड्रामा फिल्म रगु ताथा का मजेदार ट्रेलर रिलीज हो गया. रगु ताथा में कीर्ति का रोल बेहद सीधा सादा होने के साथ-साथ तेज-तर्रार भी मालूम पड़ रहा है. रगु ताथा के ट्रेलर में कीर्ति ही छाई हुई हैं.



रघु ताथा के मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है. ट्रेलर में कीर्ति सुरेश का बेहद चुलबुला अंदाज भी देखने को मिल रहा है. हर सीन में कीर्ति अपने फैंस का दिल जीतने का काम कर रही है. यह एक फैमिली एंटरटेनर फिल्म साबित होने वाली है. बता दें, फिल्म रघु ताथा को सुमन कुमार ने डायरेक्ट किया है. कांतारा और केजीएफ के मेकर्स फिल्म रघु ताथा लेकर आए हैं. वहीं. फिल्म रघु ताथा को सेंसर बोर्ड ने हाल ही में यू (यूनिवर्सल) सर्टिफिकेट सौंप है, यानी फिल्म सेंसर बोर्ड के नजर में हर सीन में पास हो गई है.फिल्म में कीर्ति ने एक सशक्त महिला के किरदार में नजर आने वाली हैं, जिसमें वह हिंदी थोपे जाने का विरोध करती दिखेंगी.ट्रेलर के कुछ सीन में वह शरारती अंदाज में हिंदी सीखती भी दिख रही हैं. कीर्ति के साथ-साथ फिल्म में एमएस भास्कर, रविंद्र विजय, देवदर्शिनी, राजीव रविंद्रनाथन और जया कुमार अहम रोल में नजर आने वाले हैं. फिल्म में सेन रॉल्डन का म्यूजिक है. टीएस सुरेश एडिटिंग और यामिनी यग्नामूर्ति ने सिनेमैटोग्राफी का काम संभाला है. वहीं, 15 अगस्त पर रघु ताथा का बॉक्स ऑफिस पर विक्रम की तंगलान, अंधाघन औ डिमोट कॉलोनी 2 से होगा. इस दिन साउथ और हिंदी सिनेमा से कुल चार फिल्में पहले ही रिलीज होने जा रही है.

### केके मेनन की वेब सीरीज शेखर होम का ट्रेलर जारी

के के मेनन और रणवीर शौरी डिटेक्टिव ड्रामा सीरीज शेखर होम के साथ देसी शर्लक होम्स लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जियो सिनेमा ने शेखर (के के मेनन) की दुनिया की एक दिलचस्प झलक दिखाते हुए ट्रेलर जारी किया। शेखर अपनी बेजोड़ जासूसी प्रतिभा के साथ अपराध और रहस्य के जाल को उजागर करने की कोशिश करेगा। इसके अलावा इस सीरीज में रणवीर शौरी, रशिका दुग्गल और कीर्ती कुलहारी भी मुख्य किरदार में नजर आएंगे। शेखर होम एक ओरिजनल फिक्शनल सीरीज है जो सर आर्थर कॉनन डॉयल के उन साहित्यिक कामों प्रेरित है जो सार्वजनिक डोमेन में हैं।

# भारत के गोल्ड मेडलिस्ट प्रमोद भगत पर अचानक लगा 18 महीनों का बैन

नईदिल्ली, समर पैरालंपिक 2024 से पहले भारतीय बैडमिंटन स्टार प्रमोद भगत से जुड़ी एक बहुत ही बुरी खबर सामने आ रही है. टोक्यो पैरालंपिक 2020 में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतने वाले बैडमिंटन स्टार प्रमोद भगत को बैन कर दिया गया है, जिसके कारण अब वह पेरिस पैरालंपिक 2024 में हिस्सा नहीं ले पाएंगे.भारत के गोल्ड मेडलिस्ट प्रमोद भगत को पेरालंपिक 2024 से पहले एक बड़ा झटका लगा है. उन्हें डोपिंग नियमों के उल्लंघन के कारण 18 महीनों का बैन लगा दिया गया है, जिसके चलते वह पैरालंपिक 2024 से बाहर हो गए हैं. बीडब्ल्यूएफ के अनुसार, प्रमोद भगत कई बार डोपिंग टेस्ट के लिए उपस्थित नहीं हुए. इस वजह से उन पर 18 महीने का प्रतिबंध लगाया गया है. यह प्रतिबंध 1 सितंबर, 2025 तक लागू रहेगा.



बीडब्ल्यूएफ की ओर से जारी कर दिए अपने बयान में कहा, 1 मार्च 2024 को, सीएएस एंटी-डोपिंग डिवीजन ने फैसला सुनाया है कि मिस्टर भगत ने बीडब्ल्यूएफ एंटी-डोपिंग नियमों के अनुच्छेद 2.4 (व्हेयरअबाउट्स) का उल्लंघन किया है. वह 12 महीनों के भीतर 3 बार 'व्हेयरअबाउट्स' में विफल रहे, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें 18 महीने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया. भगत ने इस फैसले के खिलाफ सीएएस डिवीजन में अपील की, लेकिन 29 जुलाई 2024 को अपील खारिज कर दी गई और पिछले फैसले को बरकरार रखा गया है.प्रमोद भगत को 5 साल की उम्र में पोलियो हो गया था, जिससे उनके बायां पैर प्रभावित हुआ. मगर, प्रमोद ने हार नहीं मानी और पैरा बैडमिंटन में भारत का नाम रौशन किया. उन्होंने टोक्यो पैरलंपिक 2020 में मेन्स सिंगल्स एसएल 3 कैटिगरी में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों से दर्ज करा दिया.

# निगम में शामिल वार्डों पर टैक्स थोपने का यूथ ने किया विरोध



उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजते यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सरकार की ओर से निगम में शामिल वार्डों से टैक्स वसूलने के निर्णय का यूथ कांग्रेस ने विरोध किया है। कहा कि इस तरह के टैक्स भरना सभी के बस में नहीं है। सरकार को जल्द से जल्द अपना निर्णय वापस लेना चाहिए। यदि इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो कांग्रेस व यूका कांग्रेस जनता के साथ मिलकर आंदोलन चलाएगी।

मंगलवार को कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन में कहा है कि नगर निगम बनने के बाद निगम क्षेत्र में आए ग्रामीण क्षेत्रों में निगम की ओर से हाउस टैक्स, दुकानों पर व्यवसायिक टैक्स और खाली प्लाटों पर टैक्स सहित कई अन्य प्रकार के टैक्स लगाने की तैयारी चल रही है। इस संबध में निगम की ओर से बाकायदा सर्वे कराया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री से वार्ता करने पर उन्होंने जनता पर अगले दस वर्षों तक किसी भी प्रकार के टैक्स न लगाने के आदेश जारी कर दिए थे, लेकिन वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में निगम की ओर से टैक्स सर्वे किया जा रहा है, जो ग्रामीण जनता के साथ अन्याय है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद ही टैक्स लगाया जाना चाहिए। ऐसा न होने पर यूथ कांग्रेस जन सहयोग से आंदोलन पर बाध्य होगी। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में महानगर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, धीरेंद्र बिष्ट, महावीर रावत, राजीव कपूर, प्रमोद रावत, दीपक बिष्ट, अंकुश घिल्डियाल, मनीष चातुरी और बाबी बिष्ट सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# हर घर तिरंगा लहराने के लिए किया प्रेरित



तिरंगा यात्रा निकालती छात्राएं

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : विद्यालय शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज कण्वघाटी में बड़े ही उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस दौरान छात्राओं ने आमजन को घर-घर तिरंगा लहराने के लिए प्रेरित किया।

तिरंगा यात्रा में छात्राओं, शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने हाथ में तिरंगा लेकर तिरंगा देश की शान है इस पर हमें अभिमान है, घर-घर तिरंगा के नारे लगाए। साथ ही विद्यालय सेवित गांवों का भ्रमण कर लोगों को तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका उषा रावत, किरन जागरवाल, वीना शर्मा, सुमन लता, ऋतु थपलियाल, विनीता जोशी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मंजू कपरवाण, इको क्लब प्रभारी सावित्री रावत, अर्चना कण्डवाल, भावना पाण्डे, हेमलता बडोला, कलावती, अलका लिंगवाल आदि मौजूद रहे।

# हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर देवभूमि रक्षा मंच ने जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ देवभूमि रक्षा मंच ने आक्रोश रैली निकाली। कहा कि कट्टरपंथी हिंदू समाज के लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए भारत सरकार को गंभीरता से कार्य करना होगा।

सोमवार को सदस्यों ने तहसील में एकत्रित होकर बांग्लादेश के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। इसके उपरांत सदस्यों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। कहा कि बांग्लादेश में कट्टरपंथी हिंदुओं का नरसंहार कर रहे हैं। महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया जा रहा है। कहा कि वर्तमान में बांग्लादेश में सरकार का तख्ता पलटने से वहां के हालात बेकाबू हो गए है। लाखों हिंदुओं को हथियार के बल पर इस्लाम कबूलने के लिए विवश किया जा रहा है। राष्ट्रपति से बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाने के लिए भारत सरकार को निर्देशित करने की मांग की है। इस मौके पर प्रमोद सिंह, मनोज भंडारी, प्रीतम नेगी, सौरभ गोदियाल, सत्यप्रकाश ढौंडियाल आदि मौजूद रहे।



उपजिलाधिकारी के मध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजते सदस्य

# स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों के लिए होंगी प्रतियोगिताएं





कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते संपर्क अधिकारी एनएस नयाल व प्रभारी गोपे सिंह बिष्ट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सूचना एवं प्रसार मंत्रालय की ओर से स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही है। 14 अगस्त से प्रारंभ होने वाले कार्यक्रमों के तहत स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही विभाजन विभीषिका स्मृति के माध्यम से बच्चों को महापुरुषों के जीवन के बारे में बताया जाएगा।

मंगलवार को संपर्क अधिकारी एनएस नयाल व कार्यक्रम प्रभारी गोपे सिंह बिष्ट ने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

एक ओर जहां शहरवासियों को घर-घर तिरंगा लहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं, स्कूली बच्चों में देश भक्ति की भावना बढ़ाने के लिए नृत्य, जादू, कठपुतली, चित्र प्रदर्शनी रैली व गोष्ठी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

यह दो दिवसीय कार्यक्रम 14 अगस्त से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकी नगर में होंगे। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों व विभाजन की विभीषिका झेल चुके लोगों को भी आमंत्रित किया जाएगा। कहा कि कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को देश की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले महपुरुषों के बारे में भी बताया जाएगा।

# भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, घर-घर तिरंगा लहराने की अपील



कोटद्वार में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : स्वतंत्रता दिवस से पूर्व भारतीय जनता पार्टी व युवा मोर्चा की ओर से शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आमजन से घर-घर तिरंगा लहराने की अपील की। यात्रा में शहर के सैकड़ों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा कोटद्वार देश भक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मालवीय उद्यान से किया गया। यात्रा में हर उम्र के लोग शामिल थे, जिन्होंने हाथों में तिरंगा थामे शहर की सड़कों पर देश भक्ति के नारे लगाए। जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र रावत ने कहा कि यात्रा स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के योगदान को याद करने और उनके बलिदान को नमन करने के साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित की गई है। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। सभी मार्गों पर नागरिकों ने उत्साह के साथ यात्रा का स्वागत किया। वापस मालवीय उद्यान पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शांतनु रावत, पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत, मंडी समिति अध्यक्ष सुमन कोटनाला, ऋषि कंडवाल, नीरज पंत, मनोज पांथरी, हरि सिंह पुंडीर, पंकज भाटिया, सत्य प्रकाश थपलियाल और सेवक राम मानूजा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# विधायक के हस्तक्षेप के बाद छात्रों का आंदोलन स्थगित

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : गढ़वाल केंद्रीय विवि के बीजीआर परिसर में भूख हड़ताल पर बैठे छात्रसंघ अध्यक्ष ने विधायक के हस्तक्षेप करने के बाद मंगलवार को आंदोलन को समाप्त कर दिया। विधायक द्वारा कुलपति को फोन करने के बाद छात्रों ने आंदोलन को कुछ दिनों तक समाप्त कर दिया है। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि जल्द समस्याएं हल नहीं की गई तो फिर से आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

पौड़ी परिसर में 6 सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रसंघ अध्यक्ष ऋत्विक असवाल ने बीते सोमवार से परिसर में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए बसों का संचालन, डिप्टी रजिस्ट्रार असिस्टेंट रजिस्ट्रार की नियुक्ति, खेलने के लिए वॉलीबॉल मैदान, बास्केटबॉल कोर्ट निर्माण, प्रोफेशनल कोर्स बीबीए, एमबीए, बीए एलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी वानिकी व बीपीएड कोर्स का संचालन करवाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू कर दी थी। अध्यक्ष ने बताया कि मांगों को लेकर पूरा परिसर एकजुट है। बताया कि छात्रों ने परिसर के प्रशासनिक भवन के समक्ष सोमवार रातभर अनशन जारी रखा। मंगलवार को दोपहर करीब ढाई बजे विधायक राजकुमार पोरी ने आंदोलित छात्रों से मुलाकात की।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**

**निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमन्त्रित **निविदा सं0 02/24–25** से **निविदा सं0 07/24–25** के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 23.08.2024 को 13.00 बजे तक बढ़ायी जाती है जो दि0 24.08.2024 के 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्ते पूर्ववत है।

पत्रांक : 1633/विविखको/टी–6
दिनांक : 13.08.2023

**अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार**

(CIN) U40109UP2001SG025867/2358 विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें "राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

**भारतीय रेल**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**'सार्वजनिक सूचना'**

रेलवे एवं परिसरो के सभी उपभोक्ताओ को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज ए. सी. सिरोपरि कर्षण तारो को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख को और उस तारीख से सिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय हमेशा के लिए विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उस सिरोपरि लाइन के समीप दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

| सेक्शन (खण्ड) | मण्डल (डिवीजन) | दिनाँक |
|---|---|---|
| लखनऊ मण्डल, उत्तर रेलवे के वाराणसी यार्ड के ढांचे में परिवर्तन से सम्बंधित नई वाशिंग लाइन 1 एवं वंदे भारत निरिक्षण शेड का विद्युतीकरण शिरोपरि कर्षण तारों की लोकेशन सं. किमी 775/15 (चेनेजे 775/422) से WL/106 (चेनेजे 776/476.000) तक सम्बंधित टर्न आउट एवं क्रॉस ओवर के साथ किया जायेगा | लखनऊ | 05.08.2024 |

**के वी ट्रैक्शन लाइन का आरंभ 25 सड़क "उपयोगकर्ताओं हेतु अधिसूचना"**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेल खंड **"लखनऊ मण्डल, उत्तर रेलवे के वाराणसी यार्ड के ढांचे में परिवर्तन से सम्बंधित नई वाशिंग लाइन 1 एवं वंदे भारत निरिक्षण शेड का विद्युतीकरण शिरोपरि कर्षण तारों की लोकेशन सं. किमी 775/15 (चेनेजे 775/422) से WL/106 (चेनेजे 776/476.000) तक सम्बंधित टर्न आउट एवं क्रॉस ओवर के साथ किया जायेगा"** पर 25 केवी विद्युत ट्रैक्शन का सुभारंभ किया जाएगा। सभी समपार फाटक हाइट गेज़ का निर्माण सड़क की सतह से स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई **4.78** मीटर पर अत्यधिक ऊंचाई भारो को ट्रैक्शन लाइन **(कांटेक्ट तार), जो की समपार फाटक पर रेल लेवल से 5.5 मीटर न्यूनतम ऊंचाई पर हो,** के खतरनाक संपर्क में आने से बचाव के उद्देश्य से किया गया है।

"एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारित वाहनों के लिए उर्युक्त निर्धारित ऊंचाई का अवलोकन करें तथा यह भी ध्यान रखें कि सड़क वाहनों में लदा हुआ भार हाइट गेज में किसी भी परिस्थिति में न टकराए।

अधिक ऊँचे भार से निम्न खतरे है:
1. हाइट गेज को नुकसान और तत्पश्चात सड़क व रेल लाइन का अवरोध।
2. स्वयं वाहन अथवा ले जाये जाने वाले सामान अथवा उपकरण को ख़तरा।
3. बिजली के तारों से संपर्क अथवा खतरनाक समीपता के कारण आग फैलने व जान माल को ख़तरा।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)**
**उत्तर रेलवे, लखनऊ**

No.:126/Elect./C/Dy.CEE/LKO/Warning/2 Date:-31.07.2024 2503/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 120-DRM-MB-24-25 08.08.2024 | 121-DRM-MB-24-25 08.08.2024 | 124-DRM-MB-24-25 19.07.2024 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Construction of retaining wall on tunnel T-2 approach from Km 29/4 to Km 29/12 and in landslide prone locations between HW-MOTC in the section of ADEN/HW | Provision of fire escape stairs at OGS Jharipani under ADEN/HW | Provision of approx 8 Km new Water Supply Pipeline from Mosey Falls to Oak Grove School via Jharipani (OGS/JP) and allied works where required at OGS/JP under ADEN/HW |
| निविदा का प्रकार | Works | Works | Works |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 05.09.2024 16:00 | 05.09.2024 16:00 | 05.09.2024 16:00 |
| अनुमानित लागत | 2,34,17,444.46 | 24,89,876.00 | 4,69,06,307.85 |
| धरोहर राशि | 2,67,100.00 | 49,800.00 | 3,84,500.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 22.08.2024 | 22.08.2024 | 22.08.2024 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 06 माह | 12 माह |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication, दिनांक: 13.08.2024 2509/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा। उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग**

पत्रांकः- 3035/18ए0सी0 दिनांकः- 07/08/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 28/08/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 20/08/2024 से 27/08/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 28/08/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं :-

1- अधीक्षण अभियन्ता, 12 वां वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
3- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 4- अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत नालीखाल-पोखरीखेत मोटर मार्ग के कि0मी0 1 से 7 में पैच मरम्मत का कार्य। | 30,000.00 | 1,000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 2 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत चिल्लरखाल-सिगड्डी -पाखरो मोटर मार्ग के कि0मी0 13 से 16 में पैच मरम्मत का कार्य। | 14,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 3 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत चिल्लरखाल-सिगड्डी-पाखरो मोटर मार्ग के कि0मी0 17 से 37 में पैच मरम्मत का कार्य। | 45,000.00 | 1,500.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 4 | वार्षिक अनुरक्षण मद निम्न मोटर मार्गों में पैच मरम्मत का कार्य। | 36,000.00 | 1,500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| | (क)- सिद्धबली-कुम्भीचौड़ मोटर मार्ग के कि0मी0 1 से 4 (ख)- सनेह-कुम्भीचौड़ मोटर मार्ग कि0मी0 1 से 4 (ग)- हॉर्टीकल्चर से खड़ी नहर मोटर मार्ग कि0मी0 1 से 3 (घ)- लालपानी मुख्य मार्ग से गुरूरामराय शहीद स्मारक मोटर मार्ग। | | | | | |
| 5 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत पदमपुर-सिम्मलचौड़ मोटर मार्ग में पैच मरम्मत का कार्य। (लम्बाई 3.00 कि0मी0) | 14,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 6 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत सुखरौ-घराट-देवीमन्दिर मोटर मार्ग में पैच मरम्मत का कार्य। (लम्बाई 1.90 कि0मी0) | 9,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 7 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत बांसी-बोरगांव-गजवाड मोटर मार्ग में पैच मरम्मत का कार्य। (लम्बाई 5.50 कि0मी0) | 25,000.00 | 1,000.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 8 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत मेरठ-पौड़ी राज्य मार्ग के कि0मी0 138 से लालपुर-कलालघाटी-नयाबाद मोटर मार्ग के कि0मी0 1 से 8 में पैच मरम्मत का कार्य। | 36,000.00 | 1,500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 9 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत हल्दूखाता-कण्वाश्रम मोटर मार्ग के कि0मी0 1 से 3 में पैच मरम्मत का कार्य। | 9,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 10 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत कौडिया-किमसार मोटर मार्ग में पैच मरम्मत का कार्य। | 24,000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 11 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत नालीखाल-बनचुरी-नैल -कपोलकाटल मोटर मार्ग कि0मी0 37 से 43 एवं कि0 मी0 61 से 62 में पैच मरम्मत का कार्य। | 66,000.00 | 2000.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 12 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत स्व0 जगमोहन सिंह नेगी (एस0एच0 9) मोटर मार्ग के कि0मी0 61 से 76 में पैच मरम्मत का कार्य। | 15,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 13 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत निम्न मोटर मार्गो का पैच मरम्मत का कार्यः- (क) ढौंटियाल-चपडेत-बसड़ा मोटर मार्ग के 17 से 18 में पैच मरम्मत का कार्य। (ख) बसड़ा-बरई-रथुवाढाब मोटर मार्ग के कि0मी0 7 से 8 में पैच मरम्मत का कार्य। | 21,000.00 | 1,000.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 14 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत काण्डाखाल-चैलूसैण मोटर मार्ग के कि0मी0 1 से 15 में पैच मरम्मत का कार्य। | 45,000.00 | 1500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 15 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत किशनपुर-झण्डीचौड मोटर मार्ग के कि0मी0 1 से 2 में पैच मरम्मत का कार्य। | 15,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 16 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत मदनपुर-डाडामण्डी सनेयाखाल मोटर मार्ग के कि0मी0 1 से 5 में पैच मरम्मत का कार्य। | 30,000.00 | 1,000.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 17 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत पीपलकोटी से नीलकण्ठ मोटर मार्ग के कि0मी0 1 से 5 में पैच मरम्मत का कार्य। | 36,000.00 | 1500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 18 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत झण्डीचौड पूर्वी से पंचायत घर से जनपद बिजनोर सीमा से हल्दूखाता मोटर मार्ग के कि0मी0 1 से 2 में पैच मरम्मत का कार्य। | 15,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 19 | वार्षिक अनुरक्षण मद के अन्तर्गत किशनपुर-झण्डीचौड मोटर मार्ग पर स्थित पंचायत घर से अवतार सिंह के मकान से हरपाल सिंह के मकान तक पैच मरम्मत का कार्य। | 15,000.00 | 500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 01 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 20 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र-लैन्सडाऊन के विकाखण्ड नैनीडांडा-के अन्तर्गत हल्दूखाता से बवाणी तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण कार्य (द्वितीय चरण स्टेज-I) के अन्तर्गत कि0मी0 1 में पहाड़ कटान एवं मलवा डिस्पोजल का कार्य। (चैनेज 0.000 से 0.500) | 35,000.00 | 1,500.00+ जी0एस0टी0 | 45 दिन | 06 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |

निविदा दिनांक 29/08/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0**
**दुगड्डा (गढ़वाल)**

(0348/57)

# बीडीसी बैठक में दर्ज शिकायतों का समय पर करें निस्तारण


बीडीसी बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि।

## बीडीसी बैठक में छाई रही विद्युत, लोनिवि, पेयजल, पीएमजीएसवाई की समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी :** विकासखंड पौड़ी की बीडीसी बैठक ब्लॉक प्रमुख दीपक खुगशाल की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा 40 शिकायतें दर्ज कराई गई, जिन्हें निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित की गई है। बीडीसी बैठक में अधिकतर शिकायतें विद्युत, लोनिवि, पेयजल, पीएमजीएसवाई विभाग की रही।मंगलवार को बीडीसी बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में अपने विभाग से संबंधित कार्य योजना की तैयारी के साथ आएं। उन्होंने कहा कि आगामी बीडीसी बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारी स्वयं प्रतिभाग करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि जो समस्याएं जनप्रतिनिधियों द्वारा रखी गयी हैं उनका तत्काल निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिससे लोगों को उसका लाभ समय पर मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि जो समस्याएं ब्लॉक स्तर की होती हैं उनका निस्तारण ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अपने ही स्तर से ही करें। इस दौरान उन्होंने जगह-जगह सड़कों पर हुए गड्डों को भरने व सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों का कटान के लिए लोनिवि को तेजी से कार्य करने को कहा। इस दौरान बीडीसी बैठक में प्रधान संगठन के अध्यक्ष ने घुसगली मार्ग व सिद्धपीठ देवलेश्वर मार्ग का डामरीकरण करने, पेयजल लाइनों को भूमिगत करने व विभागीय अधिकारी संचालित योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने की बात कही। विद्युत विभाग की शिकायत पर ग्राम प्रधान पूंडेरी ने कहा कि बिना अनुमति के ग्राम वासियों के खेतों में विद्युत पोल न लगाया जाय। उन्होंने कहा कि विद्युत पोल को एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट करने की प्रक्रिया को आसान किया जाय। वहीं ग्राम प्रधान केवर्स ने टेका-नलई मोटर मार्ग का सुधारीकरण का कार्य करने की बात कही। जबकि ग्राम प्रधान कमेठा ने गाँव में पेयजल टेंकों की सफाई, रास्तों में ब्लीचिंग छिड़काव व झाड़ी कटान करने की मांग की। बैठक में उप प्रमुख सोनिया, कनिष्ठ प्रमुख शांति देवी, जिला पंचायत सदस्य कुलदीप रावत, एसीएमओ डॉ. पारूल गोयल, खंड विकास अधिकारी दिनेश नेगी, क्षेत्रीय खाद्य पूर्ति अधिकारी मोहन वर्मा सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर दिया हर घर में तिरंगा फहराने का संदेश


पौड़ी में छात्राएं तिरंगा यात्रा निकालते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** 15 अगस्त के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगा पैदल यात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। सभी बच्चों ने हाथों में तिरंगा झण्डा लेते हुए भारत माता की जय के नारे लगाते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरे। मुख्य शिक्षाधिकारी नागेंद्र बर्तवाल ने बताया कि तिरंगा पैदल यात्रा में स्कूली बच्चों ने उत्साह से हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त स्कूलों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा के साथ ही हर घर तिरंगा फहराने की शपथ भी दिलाई गई। कहा कि यह कार्यक्रम 15 अगस्त तक चलता रहेगा। तिरंगा यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं ने भारत माता की जय और देशभक्ति के नारे लगाए। तिरंगा पैदल जागरूकता यात्रा के माध्यम से स्कूली बच्चों ने स्वाधीनता दिवस पर हर घर में तिरंगा फहराने का संदेश दिया और इसको उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया। इस तिरंगा रैली के समापन पर सभी को हर घर तिरंगा फहराने की शपथ दिलाई गई। पौड़ी मुख्यालय में भगत राम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लिए हुए शहर में पैदल मार्च किया। लोगों में देश भक्ति की भावना को मजबूत करने और अपने तिरंगे को लेकर भावना जगाने के लिए स्कूली बच्चों ने भारत माता की जय और देशभक्ति के नारे लगाए। उन्होंने एजेंसी चौक से बस स्टेशन, धारा रोड़, कलेक्ट्रेट मार्ग से होते हुए अपर बाजार व वापस एजेंसी चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली।

# स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली, घर-घर तिरंगा लहराने की अपील



दिउला क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकालते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व श्री गुरुराम राय पब्लिक स्कूल दिउला पौखाल की ओर से क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को घर-घर तिरंगा लहराने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्य प्रदीप बिष्ट ने बच्चों को देश के इतिहास के बारे में बताया। कहा कि देश की आजादी में कई महापुरुषों ने अपना योगदान दिया। शिक्षक शशिभूषण अमोली ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके तहत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को तिरंगे झंडे के इतिहास के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। तिरंगा रैली के दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीणों से 15 अगस्त के दिन अपने घर की छत पर तिरंगा अवश्य लगाने की अपील की। कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक घर की छत पर तिरंगा लहराएं यह हम सभी के लिए गर्व का पल होगा। इस मौके पर रमा तोमर, शीशपाल आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी

E Mail ID :- eepwdcdpauri@gmail.com, eepwdcdpauri@rediffmail.com, Fax & Phone No. (01368-222284)

पत्रांक 1082/20ए0सी0 दिनांक 13/08/2024

## निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 30.08.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक निम्न कार्यालयों में आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाकघर की पास बुक एवं शेड्यूल बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में मान्य होगी जो अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी के पद नाम से बन्धक होगी। निविदा के साथ रूपये 100.00 का नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर वैधता की शर्तों के साथ जिसके ऊपर रू0 1.00 के रसीदी टिकट सहित हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।

निविदा प्रपत्र दिनांक 20.08.2024 से 29.08.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त की जा सकती है।

1. अधीक्षण अभियन्ता 12वॉ वृत्त लो0नि0वि0 पौड़ी
2. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी
3. अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी
4. अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 कीर्तिनगर, जिला टिहरी गढ़वाल।

निविदायें अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी के कार्यालय में दिनांक 30.08.2024 को अपराह्न 3.30 बजे टैण्डर खोलने हेतु गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा का मूल्य | निविदा की वैद्यता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | **जिला योजना वित्तीय वर्ष 2024-25** | | | | | |
| 1 | जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के वि0ख0 पोखड़ा के अन्तर्गत चौबट्टाखाल के निकट हिल हॉट रिर्जोट बद्री डेरी तक सम्पर्क मार्ग का | 12000.00 | 500.00 +GST | 30 दिन | 3 माह | डी. एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 2 | जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के वि0ख0 पोखड़ा के अन्तर्गत चौबट्टाखाल बाजार में इन्टर लॉकिंग का कार्य। | 24000.00 | 1000.00 +GST | 30 दिन | 4 माह | डी. एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 3 | जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के वि0ख0 पोखड़ा के अन्तर्गत घंडियाल-कनोठाखाल मोटर मार्ग के कि0मी0 4 में सुरक्षा दीवार का निर्माण | 18000.00 | 1000.00 +GST | 30 दिन | 4 माह | डी. एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 4 | जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के वि0ख0 पोखड़ा के अन्तर्गत भरतपुर सुन्दरई डबरा मोटर मार्ग में सुधारीकरण एवं डामरीकरण का कार्य। | 69000.00 | 2000.00 +GST | 30 दिन | 4 माह | डी. एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 5 | जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के वि0ख0 पोखड़ा के अन्तर्गत दुधारखाल रीठाखाल क्षतिग्रस्त मार्ग का मरम्मत का कार्य। | 24000.00 | 1000.00 +GST | 30 दिन | 4 माह | डी. एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 6 | जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के वि0ख0 पोखड़ा के अन्तर्गत विकासखण्ड मुख्यालय से नन्दाखाल तक इन्टर लॉकिंग टाईल्स का निर्माण | 30000.00 | 1000.00 +GST | 30 दिन | 4 माह | डी. एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 7 | जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के वि0ख0 पोखड़ा के अन्तर्गत मोडल विलेज ग्राम सिलेत में खेल मैदान का निर्माण कार्य। | 21000.00 | 1000.00 +GST | 30 दिन | 4 माह | डी. एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 8 | जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के वि0ख0 पोखड़ा के अन्तर्गत ग्राम तिलखोली में खेल मैदान निर्माण कार्य। | 21000.00 | 1000.00 +GST | 30 दिन | 4 माह | डी. एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 9 | जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र पौड़ी के वि0ख0 पौड़ी के अन्तर्गत जोशियाणा मोटर मार्ग के कि0मी0 1 में सोलिंग का कार्य। | 27000.00 | 1000.00 +GST | 30 दिन | 4 माह | डी. एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 10 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के मुख्यालय पौड़ी में जिलाधिकारी महोदय के आवास पर पुलिस गार्ड रूम की मरम्मत का कार्य। | 33000.00 | 1500.00 +GST | 30 दिन | 6 माह | डी. एवं उच्चतर भवन कार्य। |
| 11 | जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र पौड़ी के वि0ख0 कोट के अन्तर्गत देहलचौरी-मंजिनकांडा मोटर मार्ग से मजाकोट तक मोटर मार्ग में सोलिंग का कार्य। | 21000.00 | 1000.00 +GST | 30 दिन | 4 माह | डी. एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 12 | जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र पौड़ी के वि0ख0 पौड़ी के अन्तर्गत सुगरखाल सीकूखाल ज्वालपादेवी मोटर मार्ग के कि0मी0 27 व 30 में दीवारों का निर्माण कार्य। | 18000.00 | 1000.00 +GST | 30 दिन | 4 माह | डी. एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |

**शर्तें**

नोट :- अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है, एवं निविदा क्रय करते समय पंजीकरण की फोटो प्रति अवश्य साथ लाये।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
पौड़ी

(0347/55)


# ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित करने पर ठेकेदार संघ ने जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सिंचाई विभाग की ओर से कार्य की ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित किए जाने पर पर्वतीय ठेकेदार संघ ने आक्रोश व्यक्त किया है। कहा कि विभाग बाहरी ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए इस तरह की प्रक्रिया अपना रहा है। ऐसे में स्थानीय ठेकेदारों का शोषण किया जा रहा है।


प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते ठेकेदार

सदस्यों ने दुगड्डा के सिंचाई विभाग में धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। इसके उपरांत प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन प्रेषित किया। पर्वतीय ठेकेदार संघ से जुड़े भरत सिंह नेगी, किशोर लखेड़ा ने कहा कि ठेकेदारों के विरोध के बाद भी विभाग की ओर से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई। कहा कि विभाग की इस प्रक्रिया से स्थानीय ठेकेदारों को काम नहीं मिल पाएगा।

साथ ही इसका लाभ बाहरी राज्यों के ठेकेदारों को मिलेगा। ठेकेदारों ने ऑनलाइन निविदाओं को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। मांग न माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर दीपक, राजेंद्र सिंह असवाल सहित कई ठेकेदार मौजूद रहे।

## पौड़ी में निकाली तिरंगा यात्रा, घर पर तिरंगा लगाने की अपील

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** शहर में विभिन्न स्कूलों के बच्चों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। इस दौरान तिरंगा यात्रा के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस पर स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के सम्मान में नगर वासियों से हर घर तिरंगा लगाने की अपील भी की गई। मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा कार्यालय पौड़ी के समीप से माल रोड होते हुए शहर में तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा देशभक्ति और एकता का प्रतीक है। जिन शहीदों ने हमें आजादी दिलाई उनको नमन करने और उनका आशीर्वाद लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उत्तराखंड में जगह-जगह पर भाजपा संगठन की ओर से तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से सभी लोगों से अपने घरों और प्रतिष्ठानों में शहीदों के सम्मान में तिरंगा फहराने की अपील की जा रही है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुषमा रावत, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मयूर भट्ट, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगत किशोर बड़थ्वाल, बीरा भंडारी, प्रियंका थपलियाल, नीलम जुयाल, क्रांतिक किशोर नेगी, शशि चंद्र रतूड़ी, मैत्री प्रकाश, विकास चौहान आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में सजायाफ्ता फरार वारंटी को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए पहचान छुपाकर रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। कोतवाल अमरजीत सिंह रावत ने बताया कि धोखाधड़ी में मामले में आरोपी शमशुद्दीन निवासी सकतुआ बुजुर्ग, थाना तरकुलवा जिला देवरिया उत्तर प्रदेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज था। कोर्ट ने आरोपी को तीन साल की सश्रम व तीन माह की साधारण कैद की सजा सुनाई थी। कुछ समय बाद कोर्ट से जमानत पर रिहा होने के बाद वह पेश नहीं हुआ।

# आपदा प्रभावित डांग गांव के ग्रामीणों की अधिकारियों ने सुनी समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** जिलाधिकारी गढ़वाल एवं उप जिलाधिकारी थलीसैंण के निर्देशानुसार मंगलवार को आपदा प्रभावित ग्राम डांग जैंती में राहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों की जांच की गई। ग्रामीणों ने मोटर मार्ग को जल्द से जल्द सुचारू करने की मांग की। वीडीओ ने कहा कि इसके लिए सम्बन्धित विभाग को निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूर्ण रूप से रात दिन ग्रामीणों के संपर्क में है और ग्रामीणों की जो भी परेशानी है उसको पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है।


राहत शिविर में ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए अधिकारी।

उक्त शिविर में ग्राम वासियों की समस्याओ को सुना गया एवं आपदा से हुई क्षति के कारण जनजीवन प्रभावित होने एवं जनजीवन को सामान्य बनाए जाने के संबंध में ग्राम वासियों से चर्चा की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सबसे पहले हमारे आवागमन के मार्गो को दुरस्त करवाया जाए। ग्राम डांग की एक महिला श्रीमती बसंती देवी जो कि कई दिनों से पेट दर्द की शिकायत से परेशान है उसको नायब तहसीलदार द्वारा स्वयं अपनी गाड़ी में लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण में भर्ती करवाया गया है, जो अभी सामान्य है। क्षेत्र में रास्तों का निर्माण खंड विकास अधिकारी थलीसैण के नेतृत्व में कराया जा रहा है। कुछ रास्ते आवागमन हेतु सुचारू करवा दिए गए हैं और जो रास्ते अभी अवरूद्ध है उन पर तत्काल कार्य शुरू करा दिया जाएगा। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि जो अवशेष कार्य हैं वह एक-दो दिन के अंदर पूर्ण हो जाएंगे, जो बड़े कार्य हैं जैसे कोई पुलिया बह गई है उनके एस्टीमेट तैयार कर लिए गए हैं।

जल संस्थान के द्वारा गांव में पानी पहुंचा दिया गया हैं। हालांकि अभी केवल प्लास्टिक के पाइप द्वारा ही वैकल्पिक व्यवस्था की गई है और स्थाई समाधान के लिए उनके द्वारा एस्टीमेट तैयार कर लिए गए हैं और शीघ्र ही इस पर स्थाई समाधान का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी थलीसैंण, प्रभारी चिकित्साधकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण, नायब तहसीलदार थलीसैंण, कृषि विभाग, उद्यान विभाग एवं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग आदि विभागों के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# अफसरों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, निराकरण का दिया आश्वासन

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** संयुक्त निदेशक उद्यान डॉ. रतन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को विकासखंड थलीसैंण के ग्राम पंचायत गंगाऊ में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत चौपाल आयोजित किया गया। चौपाल में ग्रामीणों ने सड़क डामरीकरण, जंगली जानवरों से निजात दिलाने, घेरबाड़ सहित विभिन्न समस्याएं रखी।

गत बैठक में आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पाण्डेय ने निर्देश दिये थे कि मंडलीय अधिकारी आवंटित विकासखंडों में जाकर योजनाओं का निरीक्षण व चौपाल लगाकर स्थानीय लोगों की समस्याओं का निस्तारण करें। इसी के तहत थलीसैंण विकासखंड के गंगाऊ में चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव की विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के सम्मुख रखा। वहां उपस्थित अधिकारियों ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। जबकि अन्य शिकायतें संबंधित विभाग को प्रेषित की गई। संयुक्त निदेशक उद्यान ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा जो समस्या रखी है उनका निस्तारण समय पर करें। उन्होंने कहा कि ब्लाक स्तर की समस्याओं का निस्तारण ब्लाक स्तरीय अधिकारी अपने ही स्तर से करें, जिससे ग्रामीणों को मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इस दौरान चौपाल में विक्रम सिंह रावत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थलीसैंण में प्रर्याप्त स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध न होने, पशुचिकित्सालय में चिकित्सक न होने, भीड़ा-गंगाऊ सड़क डामरीकरण न होने की समस्या रखी। वहीं पृथ्वीपाल सिंह द्वारा बिद्युत पोलों के जर्जर होने व मंजू देवी ने जंगली जानवरों द्वारा फसलों को नुकसान से बचाने के लिए घेरबाड़ करने की मांग संबंधित विभाग से की। इसके अलावा ग्रामीणों ने अन्य समस्या भी रखी। इस दौरान उद्यान निदेशक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जो समस्याएं चौपाल ने रखी गई है उनका निस्तारण समय पर किया जायेगा। चौपाल में जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, खंड विकास अधिकारी टीका राम, नायब तहसीलदार आनंद पाल, सहायक अभियंता लोनिवि कुलदीप बलूनी, ग्राम प्रधान रेखा देवी सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।


ग्राम पंचायत गंगाऊ में आयोजित चौपाल में उपस्थित ग्रामीण।

## स्वास्थ्य शिविर में छात्रों ने कराई जांच

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज डांगचौरा में पीएम श्री योजना समग्र शिक्षा अभियान के तहत मंगलवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टरों ने छठी कक्षा से लेकर बारहवीं तक के कुल 212 छात्रों का हीमोग्लोबिन, बीपी, दंत परीक्षण कर परामर्श दिया। शिविर में पहुंचे मुख्य अतिथि दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज ने छात्रों को अपनी दिनचर्या में खानपान पर विशेष तौर पर ध्यान रखने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि देवस्थली पीजी कॉलेज ऑफ बायोमेडिकल साइंस एंड रिसर्च (नर्सिंग कॉलेज) के निदेशक शक्ति डोभाल ने सभी बच्चों से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की बात कही।

## छात्रा प्रतिस्पर्धा के दौर में लगन से अध्ययन करें

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** राजकीय इंटर कॉलेज खोलाचौरी में टच योर सोल संस्था की संस्थापिका डा. मधु चौधरी ने मंगलवार को जन संवाद के तहत छात्र-छात्राओं और शिक्षकों से छात्रों की स्वास्थ्य, शिक्षा एवं उनके हितार्थ किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संस्था होनहार और निर्धन छात्र-छात्राओं की हर संभव मदद करती है। लेकिन छात्र-छात्राओं को प्रतिस्पर्धा के इस दौर में लगन से अध्ययन करना चाहिए और अच्छे संस्कारों को अपनाकर आदर्श नागरिक बनकर सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करना चाहिए। कहा कि संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में जो बच्चे आर्थिक स्थिति के कारण अपनी शिक्षा को रेगुलर नहीं रख पाते उनके लिए दूरस्थ शिक्षा पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से शुरू करने पर विचार कर रही है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए।

## छात्रों से की नशे से दूर रहने की अपील

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** नशामुक्त भारत अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय कल्जीखाल में विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से मुक्त थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारीखाल के ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने का काम करेंगे। प्राचार्य डा. केबी श्रीवास्तव ने कहा कि महाविद्यालय का भवन अभी निर्माणाधीन है। जल्द ही नया भवन महाविद्यालय को मिल जाएगा। कहा कि महाविद्यालय में छात्र संख्या बढ़ाने का प्रयास सभी लोगों को करना चाहिए।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com